# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited

(निबंधित कार्यालयः—विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

**(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**

TINVAT NO-10011255025 CIN-U40102BR2012SGC018495

Website:www.bsptcl.bih.inc.in

**DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION**


पत्रांकः—T-V/Misc/Emp No-08/18-1509/2018 पटना, दिनांकः—

प्रेषक,

Email

राजीव कुमार सिंह,
उप सचिव।

सेवा में,

सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, सभी संचरण अंचल।
सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, सभी संचरण प्रमंडल।

विषयः— नियोजन सूचना संख्या—08/2018 द्वारा नियुक्त कर्मियों का दिनांक—12.03.2019 को अंचल स्तर पर किये गये व्यक्तिगत सत्यापन के दौरान अनुपस्थित कर्मी को नियंत्री पदाधिकारी के साथ दिनांक—20.06.2019 को व्यक्तिगत सत्यापन कराये जाने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड, पटना के पत्रांक—182 दिनांक—14.06.2019 की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थापित वैसे नवनियुक्त तकनीकी कर्मी, जो दिनांक—12.03.2019 को व्यक्तिगत सत्यापन के क्रम में अनुपस्थित रहे हैं अथवा जिनका आधार या CBT बायोमेट्रिक मिलान बेमेल (Mismatch) पाये गये है, को संबंधित सहायक कार्यपालक अभियंता/कनीय विद्युत अभियंता के साथ दिनांक—20.06.2019 को प्रातः 10:30 बजे होल्डिंग कम्पनी मुख्यालय, पटना में उनकी उपस्थिति दर्ज कराना कृपया सुनिश्चित करेंगे। वैसे सभी कर्मियों को साथ लेकर वह पदाधिकारी आयेंगे जो उन्हे कार्य करने के दौरान पहचानते हैं ताकि इन कर्मियो की पहचान सुनिश्चित कर सकें।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि वैसे सभी कर्मी होल्डिंग कम्पनी द्वारा निर्गत मूल नियुक्ति पत्र एवं मूल आधार के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर व्यक्तिगत सत्यापन हेतु उपस्थित रहे।

कृपया उपरोक्त निर्देशो का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

अनु0ः—तथैव।

विश्वासभाजन,

ह0/—
(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

ज्ञापांक— पटना, दिनांक—

प्रतिलिपि—अनुलग्नक सहित सभी संबंधित सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल/सभी संबंधित नवनियुक्त तकनीकी कोटि—II/III को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0ः—तथैव।

ह0/—
(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

(कृ0पृ0उ0)

ज्ञापांक– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना/मुजफ्फरपुर/भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी पदाधिकारियों को संबंधित कर्मियों की उपस्थिति होल्डिंग कम्पनी मुख्यालय, पटना में निर्धारित तिथि एवं समय पर सुनिश्चित कराने की कृपा करेंगे।

ह0/–
(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

ज्ञापांक– 1915 पटना, दिनांक– 17/06/19

प्रतिलिपि–डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को अनुलग्नक की प्रति सहित सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि इसे कम्पनी के बेवसाइट (Website) पर अपलोड करने की कृपा करें।

अनु0:–तथैव।

17/6/19
(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

(231)

# बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड,पटना

Bihar State Power (Holding) Company Limited

(निबंधित कार्यालयः विद्युत भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना)

(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Jawahar Lal Nerhu Marg, Patna)

TINVAT No.10011255025 CIN- U40102BR2012SGC018495

Website:- WWW.bsphcl.bih.nic.in

**(Department of HR & Administration)**

पत्रांक–H-IV/ Misc-8014/19 182 दिनांक–14-6-2019

प्रेषक,

राजीव रंजन सिन्हा,
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

सेवा में,

महाप्रबंधक –सह–मुख्य अभियंता,
संचरण जोन / पेसू, पटना।
सभी उपमहाप्रबंधक –सह– विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति क्षेत्र।
सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता,
विद्युत आपूर्ति अंचल / संचरण अंचल।
सभी विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल / संचरण प्रमण्डल।

DS-1 1/6

विषयः– नियोजन सूचना संख्या–08 / 2018 द्वारा नियुक्ति कर्मियों का दिनांक–12.03.2019 को अंचल स्तर पर किए गए व्यक्तिगत सत्यापन के दौरान अनुपस्थित एवं सत्यापन में बेमेल (Mismatched) पाए गए कर्मियों का पुनः दिनांक–20.06.2019 को व्यक्तिगत सत्यापन कराये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– 1. इस कार्यालय के पत्रांक–153 दिनांक–21.05.2019
2. इस कार्यालय के पत्रांक–168 दिनांक–31.05.2019

2800/HRM (HR/Adm) 15.06.19

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक प्रसंगिक को संदर्भित करते हुए कहना है कि बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, पटना के नियोजन सूचना संख्या–08 / 2018 के अन्तर्गत नियुक्त कर्मियों का दिनांक– 12.03.2019 को होल्डिंग कम्पनी द्वारा गठित कमिटि द्वारा अंचल कार्यालय के स्तर पर व्यक्तिगत सत्यापन किया गया।

उक्त सत्यापन के दौरान कुल–96 कर्मी अनुपस्थित पाए गए तथा कुल–14 कर्मियों का आधार संख्या एवं CBT बायोमेट्रिक का मिलान करने पर बेमेल (Mismatched) पाए कर्मियों की सूची संलग्न करते हुए संबंधित कार्यालयों के कनीय विद्युत अभियंता अथवा सहायक विद्युत अभियंता उक्त कर्मियों के साथ दिनांक–04.06.2019 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में विद्युत भवन, बेली रोड, पटना स्थित कम्पनी मुख्यालय में सत्यापन की निर्धारित तिथि को उपस्थित होने हेतु निदेशित किया गया था, जिसे इस कार्यालय के पत्रांक–168 दिनांक–31.05.2019 के माध्यम से अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया गया था।

US VI 17/6/19

पुनः उक्त **सत्यापन की अगली तिथि दिनांक–20.06.2019 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित** करते हुए निदेशित किया जाता है कि संबंधित कार्यालयों के कनीय विद्युत अभियंता अथवा सहायक विद्युत अभियंता उक्त कर्मियों के साथ विद्युत भवन, बेली रोड, पटना स्थित कम्पनी मुख्यालय में सत्यापन की निर्धारित तिथि को निश्चित रुप से उपस्थित रहें।

S.O (6) 17/6

अनु0 –यथोक्त।

विश्वासभाजन

14/6/19

(राजीव रंजन सिन्हा)
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

2960 DS-I 15-06-19 17/6/19

DGM (HR & ADM)
Diary No.: 2604 ...Date 15.06.19
B.S.P.T.C.L., Patna

280)

ज्ञापांक— 182 दिनांक 14-6-2019

**प्रतिलिपिः**—महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0) / महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना / नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना / साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना / डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर / अबर सचिव, प्रभारी प्रशाखा—6, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि इसे कंपनी के वेबसाईट (website) पर अपलोड करने की कृपा करें।

14/6/19

(राजीव रंजन सिन्हा)
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

30